Publication: Punjab Kesri
Date: 18/11/2015
Edition: New Delhi
Page No: 9
Headline: TCS IT quiz winner Rukmini Devi School

टीसीएस आईटी क्विज में रुक्मिणी देवी स्कूल विजेता

नई दिल्ली, (वि.): जानी-मानी आईटी सर्विस, कंसल्टिंग एवं बिजनेस सोल्यूशंस सेवा प्रदाता कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) द्वारा आयोजित भारत की सबसे बड़ी इंटर स्कूल क्विज टीसीएस आईटी विज ने दिल्ली के विभिन्न स्कूलों के 700 से अधिक छात्रों ने हिस्सा लिया। टीसीएसआईटी विज में 8वीं से 12वीं में पढ़ने वाले हाई स्कूल छात्रों को आमंत्रित किया गया था। 5 दौर में आयोजित क्षेत्रीय फाइनल मुकाबलों के बाद रुक्मिणी देवी स्कूल के सार्थक सचदेवा और उदित कालरा ने विजेता का खिताब जीता। इन विजेताओं को आईपैड एयर दिया गया जबकि उपविजेता रहे माडर्न स्कूल, बाराखंबा रोड के पावस भसीन और अयान मरवाह को आईपैड मिनी (प्रत्येक) प्रदान किए गए। इसके साथ उन्हें मेडल और विशेष रूप से तैयार की गई ट्राफी भी दी गई। प्रारंभिक लिखित दौर के बाद रीजनल फाइनल दौर में पहुंचने वाले अंतिम 6 प्रतियोगियों को भी टीसीएस की ओर से पुरस्कार के तौर पर लैपटाप बैग, हैडफोन, ब्ल्यूटूथ के साथ सैल्फी स्टिक और यूएसबी पैन ड्राइव दी गई। पुरस्कारों का वितरण श्री देवाशीष घोष, प्रेसीडेंट- मैन्यूफैक्चरिंग, लाइप साइंसेज एंड एनर्जी, टाटा कंसल्टेंसी सर्विस ने किया।